संख्या- 135/2025/I/1186363/30-3-2025-1793219

प्रेषक,

केo पीo सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 26 दिसम्बर, 2025

विषय- जनपद उन्नाव एवं अलीगढ़ में उपलब्ध डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1414इन्फ़/2025-10इन्फ़/2023-II, दिनांक 14-08-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद उन्नाव एवं अलीगढ़ में उपलब्ध निःशुल्क भूमि पर डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि चयनित संस्था से उक्त निर्माण हेतु आगणन प्राप्त किया जा सके।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा जनपद उन्नाव एवं अलीगढ़ में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु कान्सट्रक्शन एंड डिज़ाइन सर्विसेज (सीo एण्ड डीoएसo) को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

3- कृपया तदनुसार उक्त जनपदों में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु नामित कार्यदायी संस्था से आगणन प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(केo पीo सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-135/2025/I/1186363(1)/30-3-2025, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
2- अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन), उत्तर प्रदेश।
3- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
4- सम्बन्धित सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी । (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
5- प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग।
6- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था- कान्सट्रक्शन एंड डिज़ाइन सर्विसेज (सीo एण्ड डीoएसo)।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in